# श्री क्षात्र पुरुषार्थ फाउंडेशन (SKPF) एवं WINCOMPETE- संयुक्त टेस्ट सीरीज - 2026

## समय: 2:00 घण्टे | | अधिकतम अंक: 300

## विषय: विश्व का भूगोल

## टेस्ट संख्या: [09]

---

**अभ्यर्थी का नाम:** ________________________________

**अनुक्रमांक (Roll No.):** ________________________________

**परीक्षा केंद्र** ________________________________

**हस्ताक्षर अभ्यर्थी:** ________________________________

**हस्ताक्षर वीक्षक:** ________________________________

---

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न-पुस्तिका में कुल **100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न** हैं। प्रत्येक प्रश्न के **चार विकल्प (A, B, C, D,E)** दिए गए हैं।
2. प्रत्येक सही उत्तर के लिए **3 अंक** निर्धारित हैं।
3. **नकारात्मक अंकन (Negative Marking):** प्रत्येक गलत उत्तर के लिए **1 अंक** काटा जाएगा।
4. OMR उत्तर पत्रक में **पाँच विकल्प (A, B, C, D, E)**में एक का अंकन करना हैं। यदि आप किसी प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते हैं, तो अनिवार्य रूप से **विकल्प 'E'** को अंकित करें।
5. यदि अभ्यर्थी किसी प्रश्न को हल नहीं करता है और विकल्प 'E' को भी अंकित नहीं करता है, तो उस प्रश्न के लिए भी **1/3 भाग (1 अंक) काटा जाएगा**। (नवीनतम RPSC नियम)
6. कच्चे कार्य (Rough work) के लिए स्थान इस पुस्तिका के अंत में दिया गया है।
7. अपने रोल नम्बर और अन्य विवरण केवल निर्धारित स्थान पर ही लिखें।

wincompete

# Test 09 ( विश्व का भूगोल ) : प्रश्न-पत्र

**प्रश्न 1:** पर्वतों की निर्माणकारी प्रक्रियाओं के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिये:

**कथन I:** वलित पर्वतों का निर्माण मुख्य रूप से पृथ्वी की अंतर्जात शक्तियों द्वारा उत्पन्न संपीड़न बल (Compressive Force) से होता है।

**कथन II:** हिमालय, एंडीज और रॉकीज नवीन वलित पर्वत हैं, जबकि उत्तरी अमेरिका के अप्लेशियन पर्वत का निर्माण अल्पाइन भू-संचलन के दौरान हुआ था।

**कथन III:** अवशिष्ट पर्वतों का निर्माण अपरदन की शक्तियों द्वारा पुरानी पर्वत श्रृंखलाओं के घिस जाने से होता है।

उपरोक्त में से कौन सा/से कथन **सत्य है**?

A) केवल **कथन I** और **कथन II**

B) केवल **कथन II** और **कथन III**

C) केवल **कथन I** और **कथन III**

D) **कथन I**, **कथन II** और **कथन III**

**प्रश्न 2:** ब्लॉक (अवरोधी) पर्वतों के संदर्भ में नीचे एक **कथन** और एक **कारण** दिया गया है:

**कथन:** जर्मनी का ब्लैक फॉरेस्ट और फ्रांस का वोजेस पर्वत अवरोधी पर्वतों के विश्व प्रसिद्ध उदाहरण हैं।

**कारण:** इन पर्वतों का निर्माण धरातलीय भागों में संपीड़न बल के कारण उत्पन्न वलन (Folding) की प्रक्रिया से हुआ है।

A) **कथन** और **कारण** दोनों **सत्य है** और **कारण**, **कथन** की सही व्याख्या करता है।

B) **कथन** और **कारण** दोनों **सत्य है** परंतु **कारण**, **कथन** की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) **कथन सत्य है** परंतु **कारण असत्य है**।

D) **कथन असत्य है** परंतु **कारण सत्य है**।

**प्रश्न 3:** पर्वतों के प्रकार और उनके उदाहरणों के संदर्भ में **सूची I** को **सूची II** से सुमेलित कीजिये:

**सूची I** (पर्वत का प्रकार) **सूची II** (उदाहरण)

1. वलित पर्वत a. मोना की (हवाई द्वीप)
2. ज्वालामुखी पर्वत b. आल्प्स (यूरोप)
3. अवशिष्ट पर्वत c. सिएरा नेवादा (यूएसए)
4. ब्लॉक पर्वत d. विन्ध्याचल (भारत)

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही विकल्प चुनें:

A) 1-b, 2-c, 3-d, 4-a

B) 1-b, 2-a, 3-d, 4-c

C) 1-c, 2-a, 3-d, 4-b

D) 1-d, 2-a, 3-b, 4-c

**प्रश्न 4:** पर्वतों के आर्थिक एवं भौगोलिक महत्व के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प **असंगत** है?

A) पर्वत जल के विशाल भंडार होते हैं और कई बड़ी नदियों का स्रोत ग्लेशियर (हिमनद) होते हैं।

B) पर्वतीय क्षेत्रों में ढालों पर सघन चरागाह और वनस्पति पाई जाती है जो जैव-विविधता का केंद्र है।

C) पर्वतीय क्षेत्रों में खनिज तेल और प्राकृतिक गैस के विशाल भंडार अनिवार्य रूप से पाए जाते हैं।

D) पर्वतों का उपयोग जलविद्युत उत्पादन और पर्यटन के विकास के लिए प्रभावी रूप से किया जाता है।

**प्रश्न 5:** पठारों की विशेषताओं के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिये:

**कथन I:** अंतःपर्वतीय पठार वे होते हैं जो चारों ओर से पर्वत श्रेणियों से घिरे होते हैं, जैसे तिब्बत का पठार।

**कथन II:** लावा पठारों का निर्माण धरातल के नीचे मैग्मा के गुंबदाकार जमाव (Laccolith) से होता है, जिसमें लावा सतह पर नहीं आता।

**कथन III:** पठार पृथ्वी के धरातल के लगभग 33 प्रतिशत भाग पर विस्तृत हैं और इनमें खनिज संसाधनों की प्रचुरता होती है।

wincompete

उपरोक्त में से कौन सा/से कथन **सत्य है**?

A) केवल **कथन I** और **कथन II**

B) केवल **कथन II** और **कथन III**

C) केवल **कथन I** और **कथन III**

D) **कथन I**, **कथन II** और **कथन III**

**प्रश्न 6:** पठारों के आर्थिक महत्व के संदर्भ में नीचे एक **कथन** और एक **निष्कर्ष** दिया गया है:

**कथन:** अफ्रीकी पठार सोना और हीरा खनन के लिए प्रसिद्ध है, जबकि भारत का छोटा नागपुर पठार कोयला और लोहे के लिए जाना जाता है।

**निष्कर्ष I:** पठार प्राचीन काल से ही विवर्तनिक रूप से सक्रिय रहे हैं, जिसके कारण यहाँ जीवाश्म ईंधन (पेट्रोलियम) प्रचुर मात्रा में मिलता है।

**निष्कर्ष II:** पठारों में पुरानी आग्नेय और कायांतरित चट्टानें पाई जाती हैं जो धात्विक खनिजों के भंडार का मुख्य स्रोत हैं।

A) केवल **निष्कर्ष I सही उत्तर** है।

B) केवल **निष्कर्ष II सही उत्तर** है।

C) **निष्कर्ष I** और **निष्कर्ष II** दोनों **सही उत्तर** हैं।

D) कोई भी **निष्कर्ष सही उत्तर** नहीं है।

**प्रश्न 7:** पठारों के वैश्विक वितरण के संदर्भ में **सूची I** को **सूची II** से सुमेलित कीजिये:

| **सूची I** (पठार) | **सूची II** (अवस्थिति) |
|---|---|
| 1. अनातोलिया का पठार | a. ऑस्ट्रेलिया |
| 2. किम्बरले का पठार | b. तुर्की |
| 3. लोयस का पठार | c. दक्षिण अमेरिका |
| 4. बोलीविया का पठार | d. चीन |

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही विकल्प चुनें:

A) 1-b, 2-d, 3-a, 4-c

B) 1-b, 2-a, 3-d, 4-c

C) 1-c, 2-a, 3-d, 4-b

D) 1-a, 2-b, 3-d, 4-c

**प्रश्न 8:** "यह पठार विश्व का सबसे ऊँचा और सबसे बड़ा पठार है, जिसे 'विश्व की छत' भी कहा जाता है। इसका निर्माण भारत-ऑस्ट्रेलियाई और यूरेशियाई प्लेटों के बीच टक्कर के परिणामस्वरूप हुआ है।"

उपरोक्त परिच्छेद किस पठार का वर्णन कर रहा है?

A) पामीर का पठार

B) कोलोराडो का पठार

C) तिब्बत का पठार

D) कोलंबिया का पठार

**प्रश्न 9:** मैदानों की उत्पत्ति और वर्गीकरण के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिये:

**कथन I:** संरचनात्मक मैदानों का निर्माण मुख्य रूप से भू-पटल के नीचे धंसने या समुद्र के जलस्तर के ऊपर उठने से होता है।

**कथन II:** लोयस (Loess) के मैदानों का निर्माण पवन द्वारा उड़ाकर लाए गए महीन धूल के कणों के निक्षेपण से होता है, जैसा कि उत्तरी चीन में देखा जाता है।

**कथन III:** जलोढ़ मैदान नदियों द्वारा लाए गए अवसादों के जमाव से बनते हैं और ये सघन जनसंख्या वाले क्षेत्र होते हैं।

उपरोक्त में से कौन सा/से कथन **सत्य है**?

A) केवल **कथन I** और **कथन II**

B) केवल **कथन II** और **कथन III**

C) केवल **कथन I** और **कथन III**

D) **कथन I**, **कथन II** और **कथन III**

**प्रश्न 10:** मैदानों की कृषिगत उपयोगिता के संदर्भ में नीचे एक **कथन** और एक **कारण** दिया गया है:

**कथन:** विश्व के अधिकांश उपजाऊ मैदान सघन बस्तियों और गहन कृषि के केंद्र हैं।

**कारण:** मैदानों में परिवहन की सुगमता, अनुकूल जलवायु और सिंचाई हेतु नदियों के जल की निरंतर उपलब्धता रहती है।

wincompete

A) **कथन** और **कारण** दोनों **सत्य है** और **कारण**, **कथन** की सही व्याख्या करता है।

B) **कथन** और **कारण** दोनों **सत्य है** परंतु **कारण**, **कथन** की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) **कथन सत्य है** परंतु **कारण असत्य है**।

D) **कथन असत्य है** परंतु **कारण सत्य है**।

**प्रश्न 11:** मैदानों के क्षेत्रीय वितरण के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प **असंगत** है?

A) मिसीसिपी-मिसौरी का मैदान - उत्तरी अमेरिका

B) हुआंग-हे का मैदान - चीन

C) पम्पास का मैदान - ब्राजील

D) स्टेपीज का मैदान - यूरेशिया

**प्रश्न 12:** मैदानों के निर्माण में सहायक कारकों के संदर्भ में नीचे एक **कथन** और एक **निष्कर्ष** दिया गया है:

**कथन:** हिमानी (Glacier) मैदानों का निर्माण हिम की चादरों द्वारा पहाड़ों को काटकर लाए गए मलबे के निक्षेपण से होता है।

**निष्कर्ष I:** हिमानी मैदानों की मिट्टी में ह्यूमस की मात्रा बहुत कम होती है और ये अत्यंत उपजाऊ जलोढ़ मैदानों के समान होते हैं।

**निष्कर्ष II:** उत्तरी अमेरिका और उत्तरी यूरोप के बड़े हिस्से हिमानी अपरदन और निक्षेपण द्वारा निर्मित मैदानों के उदाहरण हैं।

A) केवल **निष्कर्ष I सही उत्तर** है।

B) केवल **निष्कर्ष II सही उत्तर** है।

C) **निष्कर्ष I** और **निष्कर्ष II** दोनों **सही उत्तर** हैं।

D) कोई भी **निष्कर्ष सही उत्तर** नहीं है।

**प्रश्न 13:** मरुस्थलों के निर्माण के कारकों के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिये:

**कथन I:** विश्व के अधिकांश गर्म मरुस्थल महाद्वीपों के पश्चिमी तटों पर 15° से 30° अक्षांशों के बीच पाए जाते हैं।

**कथन II:** ठंडी महासागरीय धाराएँ (जैसे हम्बोल्ट या कैनरी) तटीय हवाओं को ठंडा कर देती हैं, जिससे हवा में नमी धारण करने की क्षमता बढ़ जाती है और वर्षा होती है।

**कथन III:** गोबी मरुस्थल एक शीत मरुस्थल है, जिसका मुख्य कारण उसकी महाद्वीपीय अवस्थिति (समुद्र से अत्यधिक दूरी) है।

उपरोक्त में से कौन सा/से कथन **सत्य है**?

A) केवल **कथन I** और **कथन II**

B) केवल **कथन II** और **कथन III**

C) केवल **कथन I** और **कथन III**

D) **कथन I**, **कथन II** और **कथन III**

**प्रश्न 14:** मरुस्थलीय प्रदेशों के संदर्भ में नीचे एक **कथन** और एक **कारण** दिया गया है:

**कथन:** अटाकामा मरुस्थल विश्व का सबसे शुष्क मरुस्थल है जहाँ वर्षों तक वर्षा की एक बूंद भी नहीं गिरती।

**कारण:** यह मरुस्थल दक्षिण अमेरिका के पश्चिमी तट पर एंडीज पर्वत की वृष्टि छाया क्षेत्र और ठंडी पेरू (हम्बोल्ट) धारा के प्रभाव में स्थित है।

A) **कथन** और **कारण** दोनों **सत्य है** और **कारण**, **कथन** की सही व्याख्या करता है।

B) **कथन** और **कारण** दोनों **सत्य है** परंतु **कारण**, **कथन** की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) **कथन सत्य है** परंतु **कारण असत्य है**।

D) **कथन असत्य है** परंतु **कारण सत्य है**।

**प्रश्न 15:** मरुस्थलों के वैश्विक वितरण के संदर्भ में **सूची I** को **सूची II** से सुमेलित कीजिये:

**सूची I** (मरुस्थल)
**सूची II** (महाद्वीप)

1. ग्रेट विक्टोरिया मरुस्थल
   a. अफ्रीका
2. कल्हाहारी मरुस्थल
   b. ऑस्ट्रेलिया
3. मोजावे मरुस्थल c. दक्षिण अमेरिका
4. पैटागोनिया मरुस्थल d. उत्तरी अमेरिका

wincompete

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही विकल्प चुनें:

A) 1-b, 2-a, 3-d, 4-c

B) 1-b, 2-d, 3-a, 4-c

C) 1-a, 2-b, 3-d, 4-c

D) 1-d, 2-a, 3-b, 4-c

**प्रश्न 16:** मरुस्थलीय स्थलाकृतियों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प **असंगत** है?

A) हमादा - सहारा मरुस्थल में पाया जाने वाला चट्टानी या पथरीला मरुस्थल।

B) अर्ग - रेत के टीलों से ढका विशाल रेतीला मरुस्थल।

C) रेग - पथरीले और रेतीले मरुस्थल का मिश्रित स्वरूप।

D) इन्सेलबर्ग - मरुस्थलीय क्षेत्रों में हवा द्वारा निक्षेपित अर्धचंद्राकार बालुका स्तूप।

**प्रश्न 17:** प्लेट विवर्तनिकी सिद्धांत के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिये:

**कथन I:** पृथ्वी का स्थलमंडल (Lithosphere) कठोर प्लेटों में विभाजित है जो एस्थेनोस्फीयर (दुर्बलता मंडल) के ऊपर तैर रही हैं।

**कथन II:** रचनात्मक प्लेट सीमाओं (Divergent) पर दो प्लेटें एक-दूसरे से दूर जाती हैं, जिससे मध्य महासागरीय कटक का निर्माण होता है।

**कथन III:** विनाशकारी प्लेट सीमाओं पर जब दो प्लेटें टकराती हैं, तो केवल ब्लॉक पर्वतों का निर्माण होता है और ज्वालामुखी क्रियाएँ नहीं होतीं।

उपरोक्त में से कौन सा/से कथन **सत्य है**?

A) केवल **कथन I** और **कथन II**

B) केवल **कथन II** और **कथन III**

C) केवल **कथन I** और **कथन III**

D) **कथन I**, **कथन II** और **कथन III**

**प्रश्न 18:** "प्रशांत महासागर के चारों ओर सक्रिय ज्वालामुखियों और भूकंपीय क्षेत्रों की एक विशाल श्रृंखला पाई जाती है, जहाँ महासागरीय प्लेट का महाद्वीपीय प्लेटों के नीचे क्षेपण (Subduction) हो रहा है।"

उपरोक्त परिच्छेद किस भौगोलिक परिघटना की ओर संकेत कर रहा है?

A) मिड-अटलांटिक रिज

B) रिंग ऑफ फायर

C) सैन एंड्रियास फॉल्ट

D) ग्रेट रिफ्ट वैली

**प्रश्न 19:** प्लेटों की गतियों और उनके परिणामस्वरूप निर्मित स्थलाकृतियों के संदर्भ में **सूची I** को **सूची II** से सुमेलित कीजिये:

**सूची I** (प्लेट गति)
**सूची II** (निर्मित स्थलाकृति)

1. अभिसरण (Convergent) a. रूपांतर भ्रंश (Transform Fault)
2. अपसरण (Divergent) b. वलित पर्वत
3. समानांतर फिसलन (Transform) c. गर्त (Trench)
4. महासागरीय-महाद्वीपीय टक्कर d. रिफ्ट घाटी

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही विकल्प चुनें:

A) 1-b, 2-d, 3-a, 4-c

B) 1-b, 2-a, 3-d, 4-c

C) 1-c, 2-a, 3-d, 4-b

D) 1-d, 2-a, 3-b, 4-c

**प्रश्न 20:** प्लेट विवर्तनिकी और भू-आकृतिक प्रक्रियाओं के संदर्भ में नीचे एक **कथन** और एक **निष्कर्ष** दिया गया है:

**कथन:** अल्फ्रेड वेगनर ने महाद्वीपीय विस्थापन के लिए 'ज्वारीय बल' को उत्तरदायी माना था, जबकि आधुनिक प्लेट विवर्तनिकी 'संवहन धाराओं' को मुख्य चालक मानती है।

**निष्कर्ष I:** संवहन धाराएँ मेंटल के ऊपरी भाग में उत्पन्न होती हैं जो प्लेटों को गति प्रदान करती हैं।

**निष्कर्ष II:** वेगनर का ज्वारीय बल सिद्धांत आधुनिक वैज्ञानिक मापदंडों पर प्लेटों के विस्थापन की सफल व्याख्या करता है।

A) केवल **निष्कर्ष I सही उत्तर** है।

B) केवल **निष्कर्ष II सही उत्तर** है।

C) **निष्कर्ष I** और **निष्कर्ष II** दोनों **सही उत्तर** हैं।

D) कोई भी **निष्कर्ष सही उत्तर** नहीं है।

wincompete

**प्रश्न 21:** उत्तरी अमेरिका की नदियों के संदर्भ में **सूची I** को **सूची II** से सुमेलित कीजिये:

**सूची I** (नदी) **सूची II** (विशेषता/तथ्य)

| | |
|---|---|
| 1. मिसीसिपी | a. ग्रैंड कैनियन का निर्माण |
| 2. सेंट लॉरेंस | b. पक्षी-पाद डेल्टा |
| 3. कोलोराडो | c. कनाडा की प्रमुख नदी |
| 4. मैकेंजी | d. महान झीलों को अटलांटिक से जोड़ना |

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही विकल्प चुनें:

A) 1-b, 2-a, 3-d, 4-c

B) 1-b, 2-d, 3-a, 4-c

C) 1-a, 2-d, 3-b, 4-c

D) 1-d, 2-b, 3-c, 4-a

**प्रश्न 22:** अमेज़न नदी और उसके अपवाह तंत्र के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिये:

**कथन I:** जल आयतन (Discharge) की दृष्टि से अमेज़न विश्व की सबसे बड़ी नदी है और यह एण्डीज पर्वत से निकलती है।

**कथन II:** अमेज़न बेसिन में पाए जाने वाले उष्णकटिबंधीय वर्षावनों को 'सेल्वास' कहा जाता है, जो विश्व के फेफड़े कहलाते हैं।

**कथन III:** अमेज़न नदी अपना मुहाना अटलांटिक महासागर में बनाती है और यह विषुवत रेखा को दो बार पार करती है।

उपरोक्त में से कौन सा/से कथन **सत्य है**?

A) केवल **कथन I** और **कथन II**

B) केवल **कथन II** और **कथन III**

C) केवल **कथन I** और **कथन III**

D) **कथन I**, **कथन II** और **कथन III**

**प्रश्न 23:** मिसीसिपी नदी के आर्थिक महत्व के संदर्भ में नीचे एक **कथन** और एक **कारण** दिया गया है:

**कथन:** मिसीसिपी-मिसौरी नदी तंत्र संयुक्त राज्य अमेरिका के कृषि और औद्योगिक विकास की आधारशिला माना जाता है।

**कारण:** यह नदी तंत्र मेक्सिको की खाड़ी में एक विशाल चापाकार (Arcuate) डेल्टा का निर्माण करता है जो नौवहन हेतु सर्वोत्तम है।

A) **कथन** और **कारण** दोनों **सत्य है** और **कारण**, **कथन** की सही व्याख्या करता है।

B) **कथन** और **कारण** दोनों **सत्य है** परंतु **कारण**, **कथन** की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) **कथन सत्य है** परंतु **कारण असत्य है**।

D) **कथन असत्य है** परंतु **कारण सत्य है**।

**प्रश्न 24:** दक्षिण अमेरिका के अपवाह तंत्र के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प **असंगत** है?

A) ओरिनोको नदी बेसिन में 'लानोज' घास के मैदान पाए जाते हैं।

B) पराना, पराग्वे और उरुग्वे नदियों के संयुक्त तंत्र को 'ला प्लाटा' कहा जाता है।

C) विश्व का सबसे ऊँचा जलप्रपात 'एंजेल' ओरिनोको की सहायक नदी पर स्थित है।

D) रियो ग्रांडे नदी ब्राजील और अर्जेंटीना के मध्य प्राकृतिक सीमा का निर्धारण करती है।

**प्रश्न 25:** अफ्रीका की नील नदी के संदर्भ में नीचे एक **कथन** और एक **निष्कर्ष** दिया गया है:

**कथन:** नील नदी विश्व की सबसे लंबी नदी है जो विक्टोरिया झील से निकलकर उत्तर की ओर बहते हुए भूमध्य सागर में गिरती है।

**निष्कर्ष I:** नील नदी पर निर्मित 'आसवान बांध' और 'नासिर झील' मिस्र की कृषि अर्थव्यवस्था के लिए जीवन रेखा के समान हैं।

**निष्कर्ष II:** नील नदी के अत्यधिक जल प्रवाह के कारण यह विश्व की एकमात्र ऐसी नदी है जो मरुस्थलीय क्षेत्रों में डेल्टा नहीं बनाती।

A) केवल **निष्कर्ष I सत्य है**।

B) केवल **निष्कर्ष II सत्य है**।

wincompete

C) **निष्कर्ष I** और **निष्कर्ष II** दोनों **असत्य हैं**।

D) कोई भी **निष्कर्ष सत्य है** नहीं है।

**प्रश्न 26:** यूरोप की नदियों के आर्थिक महत्व के संदर्भ में निम्न परिच्छेद को पढ़कर प्रश्न का उत्तर दें:

"यह नदी यूरोप के 'रुर' औद्योगिक क्षेत्र से होकर बहती है और आल्प्स पर्वत से निकलकर उत्तरी सागर में गिरती है। इसे 'यूरोप का कोयला मार्ग' भी कहा जाता है क्योंकि यह विश्व के सबसे व्यस्ततम अंतःस्थलीय जलमार्गों में से एक है।"

उपरोक्त परिच्छेद में किस नदी का वर्णन किया गया है?

A) डैन्यूब नदी

B) राइन नदी

C) वोल्गा नदी

D) टेम्स नदी

**प्रश्न 27:** अफ्रीका की कांगो (जाइरे) नदी के भौगोलिक गुणों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा तथ्य **सत्य है**?

A) यह नदी मकर रेखा को दो बार पार करने वाली विश्व की एकमात्र नदी है।

B) जल आयतन की दृष्टि से यह नील नदी से बड़ी है और विषुवत रेखा को दो बार काटती है।

C) इस नदी के मुहाने पर विक्टोरिया जलप्रपात स्थित है जो पर्यटन का मुख्य केंद्र है।

D) कांगो नदी सहारा मरुस्थल के मध्य से बहती हुई लाल सागर में विलीन हो जाती है।

**प्रश्न 28:** यूरोप की प्रमुख नदियों और उनकी विशेषताओं के संदर्भ में **सूची I** को **सूची II** से सुमेलित कीजिये:

| **सूची I** (नदी) | **सूची II** (विशेषता) |
|---|---|
| 1. वोल्गा | a. इटली की गंगा |
| 2. डैन्यूब | b. यूरोप की सबसे लंबी नदी |
| 3. पो | c. सर्वाधिक देशों (10) से बहने वाली |
| 4. टिबर | d. रोम शहर इसके तट पर स्थित |

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही विकल्प चुनें:

A) 1-b, 2-c, 3-d, 4-a

B) 1-b, 2-c, 3-a, 4-d

C) 1-c, 2-b, 3-a, 4-d

D) 1-d, 2-a, 3-b, 4-c

**प्रश्न 29:** विश्व की प्रमुख झीलों की विशेषताओं के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिये:

**कथन I:** कैस्पियन सागर क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व की सबसे बड़ी झील है और यह खारे पानी की झील है।

**कथन II:** लेक बैकाल विश्व की सबसे गहरी और मीठे पानी के आयतन की दृष्टि से सबसे बड़ी झील है।

**कथन III:** दक्षिण अमेरिका की टिटिकाका झील विश्व की सबसे ऊँची मीठे पानी की झील है जो एण्डीज पर्वतमाला पर स्थित है।

उपरोक्त में से कौन सा/से कथन **सत्य है**?

A) केवल **कथन I** और **कथन II**

B) केवल **कथन II** और **कथन III**

C) केवल **कथन I** और **कथन III**

D) **कथन I**, **कथन II** और **कथन III**

**प्रश्न 30:** उत्तरी अमेरिका की 'महान झीलों' (Great Lakes) के संदर्भ में नीचे एक **कथन** और एक **कारण** दिया गया है:

**कथन:** सुपीरियर झील विश्व की सबसे बड़ी मीठे पानी की झील है और यह पूरी तरह से संयुक्त राज्य अमेरिका के भीतर स्थित है।

**कारण:** महान झीलें (HOMES) हिमानी अपरदन की प्रक्रियाओं द्वारा निर्मित हुई हैं जो औद्योगिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

A) **कथन** और **कारण** दोनों **सत्य है** और **कारण**, **कथन** की सही व्याख्या करता है।

B) **कथन** और **कारण** दोनों **सत्य है** परंतु **कारण**, **कथन** की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) **कथन असत्य है** परंतु **कारण सत्य है**।

D) **कथन सत्य है** परंतु **कारण असत्य है**।

wincompete

**प्रश्न 31:** झीलों के वैश्विक रिकॉर्ड और अवस्थिति के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प **असंगत** है?

A) मृत सागर (Dead Sea) - विश्व की सबसे नीची झील (समुद्र तल से नीचे)।

B) वॉन झील (Lake Van) - विश्व की सर्वाधिक लवणता वाली झील।

C) लेक आयर (Lake Eyre) - ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी और निम्नतम झील।

D) अरल सागर (Aral Sea) - रूस और चीन की सीमा पर स्थित एक विशाल झील।

**प्रश्न 22:** अफ्रीका की विक्टोरिया झील के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा तथ्य भौगोलिक रूप से **सत्य है**?

A) यह झील एक भ्रंश घाटी (Rift Valley) में स्थित है और कर्क रेखा इसके मध्य से गुजरती है।

B) यह क्षेत्रफल में कैस्पियन सागर के बाद विश्व की दूसरी सबसे बड़ी खारे पानी की झील है।

C) विषुवत रेखा (Equator) इस झील से होकर गुजरती है और यह नील नदी का मुख्य स्रोत है।

D) यह झील पूरी तरह से इथियोपिया के पठार पर स्थित है और इसमें केवल नीली नील गिरती है।

**प्रश्न 33:** एशिया की मेकांग नदी के संदर्भ में नीचे एक **कथन** और एक **निष्कर्ष** दिया गया है:

**कथन:** मेकांग नदी तिब्बत के पठार से निकलकर छह देशों (चीन, म्यांमार, लाओस, थाईलैंड, कंबोडिया, वियतनाम) से बहती है।

**निष्कर्ष I:** मेकांग नदी को दक्षिण-पूर्व एशिया की 'डैन्यूब' कहा जाता है क्योंकि यह कई देशों की सीमा निर्धारित करती है।

**निष्कर्ष II:** मेकांग नदी का डेल्टा विश्व के सबसे समृद्ध कपास उत्पादक क्षेत्रों में से एक माना जाता है।

A) केवल **निष्कर्ष I सत्य है**।

B) केवल **निष्कर्ष II सत्य है**।

C) **निष्कर्ष I** और **निष्कर्ष II** दोनों **असत्य हैं**।

D) कोई भी **निष्कर्ष सत्य है** नहीं है।

**प्रश्न 34:** ओशिनिया (ऑस्ट्रेलिया) के अपवाह तंत्र के संदर्भ में निम्न परिच्छेद को पढ़कर उत्तर दें:

"यह ऑस्ट्रेलिया का सबसे बड़ा नदी तंत्र है जो ऑस्ट्रेलियन आल्प्स से निकलता है। इन नदियों के मध्य स्थित उपजाऊ क्षेत्र को 'रेवेरिना' कहा जाता है, जो ऑस्ट्रेलिया के कृषि उत्पादन का मुख्य केंद्र है।"

उपरोक्त परिच्छेद में किस नदी तंत्र का उल्लेख है?

A) डार्लिंग-मरमबिजी तंत्र

B) मरे-डार्लिंग तंत्र

C) स्वान-फिट्ज़रॉय तंत्र

D) ऑर्ड-विक्टोरिया तंत्र

**प्रश्न 35:** एशिया की नदियों और उनकी विशेषताओं के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा तथ्य **सत्य है**?

A) यांग्त्ज़ी नदी एशिया की सबसे लंबी नदी है और यह पीला सागर (Yellow Sea) में गिरती है।

B) हुआंग-हे नदी को 'चीन का शोक' कहा जाता है क्योंकि यह लोयस मिट्टी के कारण अपना मार्ग बदलती है।

C) इरावदी नदी भारत और म्यांमार के मध्य एक लंबी प्राकृतिक सीमा का निर्धारण करती है।

D) आमुर नदी रूस और कजाकिस्तान के मध्य बहने वाली सबसे प्रमुख औद्योगिक नदी है।

**प्रश्न 36:** एशिया की नदियों और उनके गिरने के स्थान के संदर्भ में **सूची I** को **सूची II** से सुमेलित कीजिये:

| **सूची I** (नदी) | **सूची II** (मुहाना/सागर) |
|---|---|
| 1. दजला-फरात सागर | a. ओखोटस्क |
| 2. आमुर सागर | b. पूर्वी चीन |
| 3. यांग्त्ज़ी खाड़ी | c. फारस की |
| 4. ओब महासागर | d. आर्कटिक |

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही विकल्प चुनें:

A) 1-b, 2-a, 3-c, 4-d

B) 1-c, 2-a, 3-b, 4-d

C) 1-c, 2-b, 3-a, 4-d

D) 1-d, 2-c, 3-b, 4-a

**प्रश्न 37:** अंतरराष्ट्रीय नहरों और जलमार्गों के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिये:

**कथन I:** स्वेज नहर भूमध्य सागर को लाल सागर से जोड़ती है और यह एक 'लॉक-मुक्त' (Lock-free) नहर है।

**कथन II:** पनामा नहर अटलांटिक महासागर को प्रशांत महासागर से जोड़ती है और इसमें जहाजों को उठाने हेतु 'लॉक सिस्टम' का प्रयोग होता है।

**कथन III:** कील नहर (Kiel Canal) जर्मनी में स्थित है जो उत्तरी सागर को बाल्टिक सागर से जोड़ती है।

उपरोक्त में से कौन सा/से कथन **सत्य है**?

A) केवल **कथन I** और **कथन II**

B) केवल **कथन II** और **कथन III**

C) केवल **कथन I** और **कथन III**

D) **कथन I**, **कथन II** और **कथन III**

**प्रश्न 38:** अंतरराष्ट्रीय जल विवादों के संदर्भ में नीचे एक **कथन** और एक **कारण** दिया गया है:

**कथन:** नील नदी के जल को लेकर वर्तमान में मिस्र, सूडान और इथियोपिया के मध्य गंभीर विवाद की स्थिति बनी हुई है।

**कारण:** इथियोपिया द्वारा नील नदी के ऊपरी प्रवाह पर 'ग्रैंड इथियोपियन रेनेसां डैम' (GERD) का निर्माण किया गया है।

A) **कथन** और **कारण** दोनों **सत्य है** और **कारण**, **कथन** की सही व्याख्या करता है।

B) **कथन** और **कारण** दोनों **सत्य है** परंतु **कारण**, **कथन** की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) **कथन असत्य है** परंतु **कारण सत्य है**।

D) **कथन सत्य है** परंतु **कारण असत्य है**।

**प्रश्न 39:** विश्व के अंतःस्थलीय जलमार्गों (Inland Waterways) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प **असंगत** है?

A) राइन जलमार्ग यूरोप का सबसे व्यस्ततम व्यापारिक अंतःस्थलीय जलमार्ग है।

B) सेंट लॉरेंस जलमार्ग महान झीलों को अटलांटिक महासागर से जोड़कर एक विस्तृत तंत्र बनाता है।

C) अमेज़न नदी मुहाने से लेकर 3,700 किमी तक महासागरीय जहाजों हेतु नौगम्य है।

D) चीन की 'ग्रैंड कैनाल' विश्व की सबसे लंबी नदी है जो रूस के साथ व्यापार हेतु बनी है।

**प्रश्न 40:** प्रमुख अंतरराष्ट्रीय जलडमरूमध्य और नहरों के भौगोलिक महत्व के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा तथ्य **सत्य है**?

A) स्वेज नहर के उत्तरी मुहाने पर पोर्ट स्वेज और दक्षिणी मुहाने पर पोर्ट सईद स्थित है।

B) पनामा नहर के निर्माण से न्यूयॉर्क और सैन फ्रांसिस्को के बीच की दूरी लगभग 13,000 किमी कम हो गई है।

C) कोरिंथ नहर इटली में स्थित है जो एड्रियाटिक सागर को आयोनियन सागर से जोड़ती है।

D) पनामा नहर में 'गटुन झील' (Gatun Lake) का प्रयोग जहाजों को दक्षिण की ओर मोड़ने हेतु किया जाता है।

**प्रश्न 41 :** विश्व में प्रचलित स्थानांतरणशील कृषि (Shifting Cultivation) के क्षेत्रीय नामों के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिये:

**कथन I :** मध्य अमेरिका और मेक्सिको के उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में इस कृषि को 'मिलपा' (Milpa) के नाम से जाना जाता है।

**कथन II :** ब्राजील में इसे 'रोका' (Roca) तथा श्रीलंका के क्षेत्रों में इसे 'लादांग' (Ladang) कहा जाता है।

**कथन III :** वियतनाम में इस पद्धति को 'रे' (Ray) कहा जाता है, जहाँ कर्तन एवं दहन प्रणाली का उपयोग होता है।

उपरोक्त में से कौन सा/से कथन **सत्य है**?

A) केवल **कथन I**

B) केवल **कथन I** और **कथन III**

C) केवल **कथन II** और **कथन III**

D) **कथन I**, **कथन II** और **कथन III**

**प्रश्न 42 :** भूमध्यसागरीय कृषि की विशिष्टताओं के संदर्भ में नीचे एक **कथन** और एक **कारण** दिया गया है:

**कथन :** भूमध्यसागरीय क्षेत्र विश्व में अंगूर की खेती (Viticulture) और शराब उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है।

**कारण :** इस क्षेत्र में ग्रीष्म ऋतु में भारी वर्षा होती है, जो खट्टे फलों के रस के संकेंद्रण के लिए आदर्श भौगोलिक दशा प्रदान करती है।

A) **कथन** और **कारण** दोनों **सत्य है** और **कारण**, **कथन** की सही व्याख्या करता है।

B) **कथन** और **कारण** दोनों **सत्य है** परंतु **कारण**, **कथन** की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) **कथन सत्य है** परंतु **कारण असत्य है**।

D) **कथन असत्य है** परंतु **कारण सत्य है**।

**प्रश्न 43 :** विस्तृत वाणिज्यिक अनाज कृषि (Extensive Commercial Grain Farming) के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प **असंगत** है?

A) यह कृषि मुख्य रूप से यूरेशिया के स्टेपीज और उत्तरी अमेरिका के प्रेअरीज क्षेत्रों में की जाती है।

B) इसमें प्रति व्यक्ति उत्पादकता अधिक होती है, परंतु प्रति हेक्टेयर उपज सघन कृषि की तुलना में कम होती है।

C) इस कृषि प्रणाली में मुख्य रूप से चावल और गन्ने का उत्पादन मशीनीकृत तरीके से किया जाता है।

D) दक्षिण अफ्रीका के वेल्ड्स और ऑस्ट्रेलिया के डाउन्स क्षेत्र इसके प्रमुख उदाहरण हैं।

**प्रश्न 44 : कथन :** मिश्रित कृषि (Mixed Farming) विश्व के अत्यधिक विकसित भागों जैसे उत्तर-पश्चिमी यूरोप और पूर्वी उत्तर अमेरिका में प्रचलित है।

**निष्कर्ष I :** इस कृषि में फसल उत्पादन और पशुपालन दोनों को समान महत्व दिया जाता है, जो आय की निरंतरता सुनिश्चित करता है।

**निष्कर्ष II :** मिश्रित कृषि में केवल रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता होती है और फसल चक्र (Crop Rotation) का पूर्णतः अभाव पाया जाता है।

A) केवल **निष्कर्ष I सत्य है**।

B) केवल **निष्कर्ष II सत्य है**।

C) **निष्कर्ष I** और **निष्कर्ष II** दोनों **असत्य हैं**।

D) कोई भी **निष्कर्ष सत्य है** नहीं है।

**प्रश्न 45 :** प्रमुख फसलों और उनके लिए उपयुक्त मृदा के संदर्भ में **सूची I** को **सूची II** से सुमेलित कीजिये:

**सूची I** (फसल) **सूची II** (मृदा का प्रकार)

1. कपास a. टेरा रोसा (Lava Mixed)
2. गेहूँ b. चेर्नोजेम (Chernozem)
3. कॉफी c. रेगुर (Black Soil)
4. चावल d. गहरी चीकायुक्त दोमट (Alluvial)

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही विकल्प चुनें:

A) 1-c, 2-b, 3-d, 4-a

B) 1-c, 2-b, 3-a, 4-d

C) 1-b, 2-c, 3-a, 4-d

D) 1-d, 2-a, 3-b, 4-c

**प्रश्न 46 :** कॉफी के वैश्विक वितरण और उत्पादन दशाओं के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिये:

**कथन I :** ब्राजील में स्थित विशाल कॉफी बागानों को 'फजेंडा' (Fazendas) कहा जाता है, जहाँ अरेबिका किस्म की प्रधानता है।

**कथन II :** वियतनाम वर्तमान में विश्व का दूसरा सबसे बड़ा कॉफी उत्पादक देश है, जहाँ मुख्य रूप से रोबस्टा किस्म उगाई जाती है।

**कथन III :** कॉफी के पौधों के लिए सीधी तेज धूप लाभदायक होती है, इसलिए इन्हें ऊँचे छायादार वृक्षों के बिना उगाया जाता है।

उपरोक्त में से कौन सा/से कथन **सत्य है**?

A) केवल **कथन I**

B) केवल **कथन I** और **कथन II**

C) केवल **कथन II** और **कथन III**

D) **कथन I**, **कथन II** और **कथन III**

wincompete

**प्रश्न 47 :** कपास की खेती के लिए आवश्यक जलवायुवीय दशाओं के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा तथ्य **सत्य है**?

A) कपास की फसल के लिए कम से कम 100 पाला रहित (Frost-free) दिनों की आवश्यकता होती है।

B) फसल के पकते और चुनते समय आकाश में घने बादलों का होना अनिवार्य है।

C) कपास के लिए 210 पाला रहित दिन और खिली हुई धूप की आवश्यकता होती है।

D) यह केवल ठंडी और शुष्क जलवायु की फसल है जिसमें पाला पड़ना विकास हेतु शुभ माना जाता है।

**प्रश्न 48 :** "विश्व की आधी से अधिक जनसंख्या का मुख्य भोजन होने के कारण यह फसल मुख्य रूप से 'मानसून एशिया' में केंद्रित है। इसके उत्पादन के लिए 20°C से 27°C तापमान और 100 सेमी से अधिक वर्षा अनिवार्य है।"

उपरोक्त पैराग्राफ किस फसल की ओर संकेत करता है?

A) गेहूँ

B) मक्का

C) चावल

D) कॉफी

**प्रश्न 49 :** अल्फ्रेड वेबर के औद्योगिक अवस्थिति सिद्धांत के संदर्भ में नीचे एक **कथन** और एक **कारण** दिया गया है:

**कथन :** भार ह्रास (Weight-losing) वाले कच्चे माल पर आधारित उद्योग हमेशा कच्चे माल के स्रोत के निकट स्थापित होते हैं।

**कारण :** ऐसे उद्योगों का 'पदार्थ सूचकांक' (Material Index) हमेशा 1 से कम होता है, जो परिवहन लागत को कम करता है।

A) **कथन** और **कारण** दोनों **सत्य है** और **कारण**, **कथन** की सही व्याख्या करता है।

B) **कथन** और **कारण** दोनों **सत्य है** परंतु **कारण**, **कथन** की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) **कथन सत्य है** परंतु **कारण असत्य है**।

D) **कथन असत्य है** परंतु **कारण सत्य है**।

**प्रश्न 50 :** 'स्वच्छंद उद्योगों' (Footloose Industries) की विशेषताओं के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प **असंगत** है?

A) ये उद्योग कच्चे माल या बाजार के विशिष्ट भार से बंधे नहीं होते हैं।

B) इनके लिए परिवहन लागत उत्पादन के स्थान चयन में निर्णायक भूमिका निभाती है।

C) हीरा तराशना, इलेक्ट्रॉनिक्स और सॉफ्टवेयर इसके प्रमुख उदाहरण हैं।

D) ये उद्योग प्रदूषण मुक्त होते हैं और कुशल मानव संसाधन पर अधिक निर्भर करते हैं।

**प्रश्न 51 :** औद्योगिक संकेंद्रण (Agglomeration) के कारकों के संदर्भ में नीचे एक **कथन** और एक **निष्कर्ष** दिया गया है:

**कथन :** जब कई उद्योग एक ही स्थान पर एकत्रित होते हैं, तो उन्हें साझा बुनियादी ढांचे और बैंकिंग सुविधाओं का लाभ मिलता है।

**निष्कर्ष I :** औद्योगिक संकेंद्रण से उत्पादन की इकाई लागत (Per unit cost) कम हो जाती है।

**निष्कर्ष II :** संकेंद्रण के कारण उद्योगों के बीच प्रतिस्पर्धा समाप्त हो जाती है और सभी इकाइयाँ सरकारी स्वामित्व में आ जाती हैं।

A) केवल **निष्कर्ष I सत्य है**।

B) केवल **निष्कर्ष II सत्य है**।

C) **निष्कर्ष I** और **निष्कर्ष II** दोनों **असत्य हैं**।

D) कोई भी **निष्कर्ष सत्य है** नहीं है।

**प्रश्न 52 :** औद्योगिक अवस्थिति के आधुनिक कारकों के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिये:

**कथन I :** वर्तमान में कच्चे माल की तुलना में 'ऊर्जा के स्रोत' और 'सरकारी नीतियाँ' उद्योगों के स्थान चयन में अधिक प्रभावी हो गई हैं।

**कथन II :** एल्यूमीनियम जैसे उद्योग अपनी स्थापना के लिए केवल लौह-अयस्क की खदानों के निकट होना अनिवार्य मानते हैं।

**कथन III :** सूचना प्रौद्योगिकी (IT) उद्योगों का संकेंद्रण शैक्षणिक संस्थानों और कुशल श्रम की उपलब्धता वाले क्षेत्रों में अधिक होता है।

उपरोक्त में से कौन सा/से कथन **सत्य है**?

A) केवल **कथन I** और **कथन II**

B) केवल **कथन II** और **कथन III**

C) केवल **कथन I** और **कथन III**

D) **कथन I**, **कथन II** और **कथन III**

**प्रश्न 53 :** उत्तरी अमेरिका और यूरोप के औद्योगिक केंद्रों के संदर्भ में **सूची I** को **सूची II** से सुमेलित कीजिये:

**सूची I** (औद्योगिक केंद्र) **सूची II** (मुख्य विशेषता)

1. पिट्सबर्ग a. यूरोप का कोयला मार्ग
2. रुर (Ruhr) b. विश्व की इस्पात राजधानी
3. डेट्रॉयट c. सूती वस्त्र केंद्र (UK)
4. मैनचेस्टर d. ऑटोमोबाइल उद्योग (USA)

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही विकल्प चुनें:

A) 1-b, 2-a, 3-d, 4-c

B) 1-a, 2-b, 3-d, 4-c

C) 1-b, 2-d, 3-a, 4-c

D) 1-c, 2-a, 3-b, 4-d

**प्रश्न 54 :** जर्मनी के रुर (Ruhr) औद्योगिक प्रदेश के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिये:

**कथन I :** यह यूरोप का सबसे महत्वपूर्ण भारी औद्योगिक क्षेत्र है, जो राइन और रुर नदियों के संगम पर स्थित है।

